सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 203 | इंदौर, शुक्रवार 06 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● रेपो रेट में बदलाव नहीं, आरबीआई गवर्नर बोले-

## भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** वर्ष 2026 के पहले मौद्रिक नीति समिति के फैसलों का एलान शुक्रवार को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने किया। केंद्रीय बजट 2026 और हाल ही में हुए भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद यह पहली नीतिगत समीक्षा है, जिस पर दलाल स्ट्रीट और आर्थिक जगत की निगाहें टिकी थी। आरबीआई ने इस बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे 'यथास्थिति' बनाए रखा है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने उम्मीदों के अनुरूप रेपो रेट को 5.25% पर यथावत रखने का फैसला किया है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने घोषणा की है कि एमपीसी ने नीतिगत रुख को 'तटस्थ' बनाए रखने का निर्णय लिया है।

### ब्याज दरें स्थिर, 'तटस्थ' रुख बरकरार

आरबीआई गवर्नर ने जोर देकर कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और घरेलू मुद्रास्फीति व विकास का परिदृश्य सकारात्मक है। गवर्नर ने यह भी साफ किया कि भविष्य में मौद्रिक नीति संशोधित शृंखला पर आधारित नए मुद्रास्फीति आंकड़ों से निर्देशित होगी। इससे पहले साल 2025 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने उदार रुख अपनाते हुए रेपो रेट में कुल 125 बेसिस पॉइंट्स की बड़ी कटौती की थी। दिसंबर 2025 में हुई साल की अंतिम मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट को 25 बेसिस पॉइंट और घटा दिया गया, जिससे यह 5.5% से घटकर 5.25% पर आ गया था।

### जानिए पिछले साल और कब-कब हुई कटौती?

फरवरी: साल की शुरुआत में सतर्क रुख अपनाते हुए 25 बेसिस पॉइंट की पहली कटौती की गई।

अप्रैल: आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए दूसरी बार फिर से 25 बेसिस पॉइंट की कमी की गई।

जून: यह साल की सबसे बड़ी कटौती थी, जहाँ रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को सीधा 50 बेसिस पॉइंट घटा दिया।

दिसंबर: साल के अंत में अंतिम नीति समीक्षा के दौरान 25 बेसिस पॉइंट की आखिरी कटौती कर रेपो रेट को 5.25% के स्तर पर लाया गया।

### 2026 की पहली एमपीसी के बाद मांग व खपत पर गवर्नर क्या बोले?

अर्थव्यवस्था के चालकों पर प्रकाश डालते हुए गवर्नर ने कहा कि कॉरपोरेट प्रदर्शन में सुधार और अनौपचारिक क्षेत्र में निरंतर गति से विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। मांग के मोर्चे पर, ग्रामीण मांग स्थिर बनी हुई है, जबकि शहरी खपत में और वृद्धि होने की उम्मीद है। इसके अलावा, गवर्नर मल्होत्रा ने बताया कि हाल ही में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता और संभावित भारत-अमेरिका व्यापार सौदा निर्यात की गति को मजबूत समर्थन प्रदान करेंगे।

## रामदेव संग सीएम मोहन यादव ने किया शीर्षासन, स्वस्थ जीवनशैली का संदेश, दिल्ली में सांसदों से संगठन संवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उत्तराखंड प्रवास योग, सनातन संस्कृति और संत समागम के संदेश के साथ चर्चा में रहा। गुरुवार सुबह हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में मुख्यमंत्री ने योगगुरु स्वामी रामदेव के साथ योगाभ्यास किया और शीर्षासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार से हरिद्वार में हैं। योगाभ्यास के दौरान उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मबल और संतुलित जीवन का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग आज भारत की प्राचीन परंपरा से निकलकर वैश्विक जन-आंदोलन बन चुका है। उन्होंने आमजन से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।



### लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के साथ सहभोज

इधर, दिल्ली में भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियां भी सक्रिय रहीं। मुख्यमंत्री के साथ दिल्ली गए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मध्य प्रदेश के लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के साथ सहभोज और संवाद में हिस्सा लिया। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके के निवास पर आयोजित इस बैठक में संगठनात्मक समन्वय, राजनीतिक हालात और प्रदेश के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने सांसदों से सुझाव लेकर संगठन को और मजबूत करने पर जोर दिया।

### कन्या गुरुकुल का किया भ्रमण

योगाभ्यास के बाद मुख्यमंत्री ने कन्या गुरुकुल का भ्रमण किया, जहां उन्होंने संस्कार, साधना और सकारात्मक ऊर्जा से भरे वातावरण का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान भारतीय संस्कृति और मूल्यों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। हरिद्वार प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समन्वय सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित अनन्त श्रीविभूषित परम गुरुदेव स्वामी सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज के गुरुदेव समाधि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना समारोह एवं संत समागम कार्यक्रम में भी शामिल हुए।

### आदि शंकराचार्य का योगदान अतुलनीय

संत सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति को नए आयाम देने में आदि शंकराचार्य का योगदान अतुलनीय है और मध्य प्रदेश की धरती से उनका विशेष नाता रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को अपने हिंदुत्व पर गर्व है और सनातन परंपरा को जीवंत बनाए रखने के लिए संत समाज और सरकार मिलकर कार्य कर रहे हैं।

### सिंहस्थ-2028 के लिए महात्माओं को किया आमंत्रित

मुख्यमंत्री ने संत महात्माओं को उज्जैन में प्रस्तावित सिंहस्थ-2028 के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि राज्य सरकार भव्य और दिव्य सिंहस्थ आयोजन के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं और विकास कार्य कर रही है।कार्यक्रम में मौजूद जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने मुख्यमंत्री को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से देश में सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं और भारत तेजी से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है। वहीं बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सत्संग और संत परंपरा को मानव जीवन के लिए आवश्यक बताया।

नगर निगम और रेलवे मिलकर निर्माण करेंगे

## टूटकर फिर बनेगा 70 साल पुराना शास्त्री ब्रिज, अब 6 लेन का होगा

● तब इसकी मजबूती जांचने के लिए इस पर से हाथियों का झुंड गुजारा था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (ब्यूरो)

**इंदौर। इंदौर शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले शास्त्री ब्रिज को तोड़कर फिर से बनाया जाएगा. कलेक्टर, सांसद और महापौर की समन्वय बैठक के बाद इसका निर्माण जल्द ही शुरू करने का निर्णय लिया गया है. इंदौर नगर निगम और रेलवे मिलकर इस प्रोजेक्ट को अंजाम देंगे. नया ब्रिज 6 लेन का होगा, जिससे वो ट्रैफिक के दबाव को झेल सकेगा.**



**लंबे समय से शास्त्री ब्रिज की जर्जर हालत और वाहनों के दबाव को देखते हुए यहां नए ब्रिज की मांग की जा रही थी.**

रेलवे के अनुसार, ब्रिज को 5 मीटर ऊंचा करने की आवश्यकता है. 70 साल से अधिक पुराना शास्त्री ब्रिज शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पर मौजूद है, जहां से रोजाना हजारों वाहन निकलते हैं. यह इंदौर के पूर्वी और पश्चिम क्षेत्र के बीच सेतु का काम करता है, जो मुख्य रूप से रीगल चौराहा, पलासिया MG रोड, महात्मा को राजवाड़ा, कलेक्ट्रेट, इंदौर रेलवे स्टेशन, शास्त्री मार्केट और सियागंज जैसे व्यापारिक केंद्रों से जोड़ता है.सालों पुराने इस पुल के सरिए अब बाहर दिखने लगे हैं. कुछ समय पहले ही यहां पर एक गहरा गड्ढा हो गया था. मिट्टी रखने से इसका स्ट्रक्चर भी कमजोर हो गया है. वहीं, नींव में कई चूहे भी मौजूद हैं, जिन्होंने नींव को खोखला कर दिया है. इंदौर रेलवे स्टेशन पर भी कई निर्माण हो रहे हैं. रेलवे को नीचे अतिरिक्त ट्रैक बिछाने और प्लेटफॉर्म विस्तार के लिए ज्यादा जगह और ऊंचाई चाहिए, जो वर्तमान शास्त्री ब्रिज में संभव नहीं है. कमजोर होने की वजह से इतना यातायात दबाव भी ब्रिज को और कमजोर कर रहा है. नए ब्रिज को आने वाले 50 साल की जरूरत को देखते हुए बनाया जाएगा. फिलहाल, यह 4 लेन का ब्रिज है, जिसे 6 लेन किया जाएगा. साथ ही इसकी चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी. हालांकि, इसे तोड़ने और बनाने के दौरान शहर को ट्रैफिक जाम की चुनौती का सामना करना पड़ सकता है. पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने बैठक में सुझाव दिया था कि इसे बनाते वक्त एक लेन को पहले बनाकर शुरू किया जाए, उसके बाद ही दूसरे का निर्माण किया जाए. शास्त्री ब्रिज का निर्माण 1950 में तत्कालीन सरकार ने कराया था. उस दौर में यह अपने आप में अत्यधिक ब्रिज और सिविल इंजीनियरिंग का बेहतरीन नमूना था. जब ब्रिज बनकर तैयार हुआ, तब इसकी मजबूती जांचने के लिए इस पर से हाथियों का झुंड गुजारा गया था. तब इसे बनाने में एक करोड़ का खर्चा आया था. खुद रेल मंत्री उद्घाटन करने आए थे. लाल बहादुर शास्त्री के नाम पर इसका नाम रखा गया था.

**बिना ट्रेड लाइसेंस चल रही रैपिडो बाइक टैक्सी पर कार्रवाई**

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले के बाद सख्त हुआ प्रशासन, 12 रैपिडो बाइक जब्त

● आरटीओ ने बुकिंग कर बुलवाया, मौके पर पहुंचते ही की जब्ती



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित हो रही ऑनलाइन बाइक टैक्सी सेवाओं पर अब परिवहन विभाग ने सीधी कार्रवाई शुरू कर दी है। नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के बाद क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ने रैपिडो के खिलाफ शिकंजा कस दिया है। जबकि तीन दिन पहले ही रैपिडो के अधिकारियों को नोटिस जारी किया जा चुका है। अब पुलिस की मदद से ऐप को बंद करवाने की कार्रवाई की जाएगी।**

एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को उनकी टीम ने एआरटीओ राजेश गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए रैपिडो की 12 बाइक टैक्सियों को जब्त किया। खास बात यह रही कि कार्रवाई के लिए आरटीओ अमले ने मोबाइल ऐप के जरिए खुद बुकिंग कर बाइक चालकों को बुलवाया। जैसे ही चालक तय स्थान पर पहुंचे, मौके पर मौजूद परिवहन विभाग की टीम ने बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालन का हवाला देते हुए बाइक जब्त कर ली।

एआरटीओ ने बताया कि आरटीओ कार्यालय द्वारा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (अपराध) को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि इंदौर में रैपिडो बाइक टैक्सी कंपनी को कोई ट्रेड लाइसेंस जारी या नवीनीकृत नहीं किया गया है। इसके बावजूद रैपिडो मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से खुलेआम बाइक टैक्सी सेवाएं चला रही है। इसी कारण इसे बंद करवाने का अनुरोध किया गया है।

### कंपनी को नोटिस, ऐप बंद करने के निर्देश

एआरटीओ ने बताया कि घटना सामने आते ही रैपिडो ट्रांसपोर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर तत्काल ऑनलाइन मोबाइल एप्लिकेशन बंद करने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया तो एकतरफा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई की मांग

एआरटीओ ने बताया कि वर्ष 2021 से 2024 तक कई बार संबंधित कंपनियों की मोबाइल एप्लिकेशन बंद कराने और कानूनी कार्रवाई के लिए पत्राचार किया गया, लेकिन ऐप पर प्रत्यक्ष नियंत्रण न होने के कारण इन्हें बंद नहीं कराया जा सका। अब पुलिस के सहयोग से कार्रवाई तेज की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शहर में इसी सप्ताह की शुरुआत में एक गंभीर घटना सामने आई, जिसमें रैपिडो बाइक टैक्सी चालक पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कपड़े दिलाने के बहाने नाबालिग को अपने कमरे पर ले जाकर वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने लोक निर्माण विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा

**सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन सड़कों का निर्माण समय-सीमा में किया जाए पूर्ण- मंत्री श्री सिलावट**



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज लोक निर्माण विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सांवेर विधानसभा में कई सड़कों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसलिए आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 को ध्यान में रखते हुए सांवेर विधानसभा में निर्माणाधीन 20 से अधिक सड़कों का निर्माण समय-सीमा में कराये और इसकी मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन मौके पर जाकर करें। जिन सड़कों की निविदाएं जारी हो चुकी है उनकी निविदाएं खोलकर समय-सीमा में अनुबंध आदि की कार्यवाही कर कार्य प्रारंभ करें। जिन सड़कों का निर्माण हो चुका है उनका लोकार्पण कराया जाए। आगामी सिंहस्थ 2028 में इन्दौर-सांवेर-उज्जैन मुख्य मार्ग रहेगा, इसलिए क्षेत्रवासियों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो और बाहर से आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग 1 और 2 के कार्यपालन यंत्री श्री एस.एन. सोनी, श्री जयदेव गौतम, एसडीओ श्री टी.के. जैन, सुश्री शिवानी अकोदिया, श्री राकेश चौबे सहित विभाग के इंजीनियर आदि उपस्थित रहे।

**नशे के खिलाफ इंदौर में बड़ा अभियान**

# हर पंचायत में बनेगी समिति



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नशे की बढ़ती चुनौती से निपटने के लिए इंदौर प्रशासन ने व्यापक और सख्त कार्ययोजना लागू करने का निर्णय लिया है। जिले में स्कूल-कॉलेज से लेकर पंचायत स्तर तक नशामुक्ति जागरूकता समितियों का गठन किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को समय रहते जागरूक करना, अवैध मादक पदार्थों की सप्लाई चेन तोड़ना और नशे से प्रभावित लोगों को उपचार व परामर्श से जोड़ना है।**

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिलास्तरीय बैठक में नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि नशा समाज और भविष्य की पीढ़ी के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन, पुलिस, शिक्षा संस्थान और नागरिक समाज के संयुक्त प्रयास से ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

**सप्लाई चेन तोड़ने पर रहेगा फोकस**-अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय, भंडारण और परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए खुफिया सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान किया जाएगा। अंतर-जिला और अंतरराज्यीय संयुक्त कार्रवाई के साथ एनसीबी के साथ समन्वय बढ़ाया जाएगा। पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम के तहत आदतन अपराधियों की सूची साझा कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तस्करी के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरण अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। नशा मुक्त परिसर अभियान के तहत बैनर-होर्डिंग, साइकिल रैली, नुक्कड़ नाटक, मैराथन और बाइक रैली आयोजित की जाएंगी। बसों, कचरा निपटान वाहनों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और प्रमुख चौराहों पर नशा विरोधी संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे, ताकि युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके।

बैठक में यह भी तय किया गया कि दोहरे उपयोग वाली दवाओं की अवैध बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। अधिकृत थोक और खुदरा विक्रेताओं की सूची साझा की जाएगी और मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच होगी। इसका उद्देश्य नशे के वैकल्पिक स्रोतों पर प्रभावी रोक लगाना है। जिले के सरकारी और निजी नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्रों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया है। नियमित निरीक्षण और ट्रैकिंग के जरिए उपचार की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि नशे से प्रभावित युवाओं को समय पर सहायता और परामर्श मिल सके। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर राजेश कुमार सिंह, डीसीपी आनंद कलादगी और प्रकाश परिहार, एडीएम रोशन राय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान ने फांसी लगाकर जान दे दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खुड़ैल इलाके में रहने वाले एक किसान ने अपने घर के पीछे फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार रात में परिवार ने फंदे पर उनका शव देखा। बताया जा रहा है कि उनकी मानसिक स्थिति पिछले कई दिनों से ठीक नहीं थी। पुलिस के अनुसार, मृतक दिनेश चौहान (57) के परिवार में दो बेटे और एक बेटी हैं। जमाई विकास ने बताया कि दिनेश अक्सर कहते थे कि कोई उनके पीछे लगा हुआ है। करीब एक साल से उनका मानसिक उपचार चल रहा था, लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ।

इधर, तुकोगंज पुलिस ने बताया कि विकास नगर निवासी सीमा (42) ने बुधवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति राजू डोगरे इंदौर में नहीं थे। उनका बड़ा बेटा विशाल एमवाय के माध्यम से उन्हें अस्पताल लेकर गया और डॉक्टरों को फांसी लगाने की जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परिवार ने बताया कि शाम को सीमा ने आटा लाने और दाल-बाटी बनाने की बात कही थी। रात 7 बजे तक उन्होंने फोन नहीं उठाया। घर पहुंचने पर बेटे ने मां को फंदे पर लटके देखा। विशाल के अनुसार पिता राजू भीकनगांव में रहते हैं और दोनों भाई कोरोना कॉल में काम के लिए इंदौर आए थे। दोनों भाई मां के साथ रह रहे थे। विशाल ने कहा कि उनकी मां को किसी तरह का तनाव नहीं था। पुलिस इस मामले की सभी जानकारियों की जांच कर रही है।

# नाले पर बने 21 मकानों के कुछ हिस्से को तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम की रिमूवल टीम ने गुरुवार को वार्ड-61 स्थित अमला रावजी बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। यहां नाले पर कब्जा कर बनाए गए 21 मकानों के कुछ हिस्से को तोड़ा गया है। लोग अतिक्रमण हटाने के लिए समय मांग रहे थे पर टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी। दरअसल, अतिक्रमणकारियों को कब्जा हटाने के लिए एक महीने का समय दिया गया था और यह अवधि पूरी होने पर भी लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया।**



आज निगम की रिमूवल टीम पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान नगर निगम की 4 टीमों के साथ ही रावजी बाजार थाने का पुलिस बल और 3 जेसीबी मशीनें लगी थीं। यह क्षेत्र जोन-12 में आता है। पिछले दिनों निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सहित अन्य अधिकारियों ने क्षेत्र का दौरा किया था और नाले पर हुआ अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद इलाके का सर्वे कराया गया था। जिसमें 21 मकान नाले पर बने पाए गए थे। जोन 12 के बिल्डिंग ऑफिसर वैभव देवलासे ने बताया कि रावजी बाजार थाने के सामने की तरफ कमला रोड वाले इलाके में ये कार्रवाई की गई है। 1 महीने पहले ही इन लोगों को बताया जा चुका था। उन्हें नोटिस भी दिए जा चुके थे, इसके साथ ही यहां पर लगातार अनाउंसमेंट किया जा रहा था, लेकिन यहां पर लोगों ने खुद से अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके चलते आज नगर निगम की टीम ने 21 मकानों के अवैध हिस्से को हटाने की कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई, तो लोगों को लगा कि इस बार नगर निगम अतिक्रमण को लेकर गंभीर है और फिर कुछ लोग आए। उन्होंने खुद अतिक्रमण हटाने की पेशकश करते हुए कुछ समय मांगा, लेकिन मौके पर मौजूद अधिकारियों ने ऐसा करने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि आपको पर्याप्त समय दिया गया है।

## राम मंदिर में घुसे चोर, भगवान के आभूषण भी ले गए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर क्षेत्र के सिंहासा गांव के राम मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। गुरुवार सुबह जब पुजारी मंदिर के ताले खोलने पहुंचे, तो ताले टूटे हुए मिले। इसके बाद रहवासियों को सूचना दी गई और चंदन नगर पुलिस को बुलाया गया।**

पुजारी नरेंद्र पाठक ने बताया कि चोर मंदिर से भगवान के आभूषण और दान पेटी में रखे लगभग तीन लाख रुपये लेकर फरार हो गए। चोरों ने दान पेटी तोड़ने का भी प्रयास किया था। पुलिस को मंदिर से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की गतिविधियां कैद मिली हैं। फुटेज में चोर बाइक से आते और जाते हुए नजर आ रहे हैं। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। चोरी की घटना के बाद क्षेत्र के रहवासियों में नाराजगी देखी गई। सुबह सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में एकत्रित हो गए और पुलिस गश्त को लेकर सवाल उठाए। इधर, इंदौर के तिलक नगर क्षेत्र में भी चोरी की घटना सामने आई है। गोयल नगर निवासी कुलभूषण जैन की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से सोने का गले का सेट, डायमंड सेट, सोने के टॉप्स, चांदी की पायल सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया।

# आरती त्रिवेदी नगर उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। केंद्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की मार्गदर्शन सलाहकार समिति में अपनी सेवाएं देती आ रही सुश्री आरती त्रिवेदी, को ननगर इकाई की टीम में (नगर उपाध्यक्ष) के दायित्व पर मनोनीत किया गया।**



संभाग अध्यक्ष डॉ संतोष वाधवानी, प्रदेश अध्यक्ष मोनू जायसवाल जी के अनुशंसा पर हुई उक्त नियुक्ति कई सामाजिक संगठन और राजनेताओं ने शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन, की नगर मीडिया प्रभारी सुश्री रोशनी शर्मा, संभाग उपाध्यक्ष गगनदीप सिंह भाटिया में जानकारी देते हुए बताया कि मार्गदर्शन सलाहकार समिति में इंदौर की समाजसेवीका सुश्री आरती त्रिवेदी जी अपनी सेवाएं देते आ रही थी। उनके कार्य शैली को देखते हुए उनका पदोन्नयन किया गया, उन्हें इंदौर की नगर टीम में नगर उपाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर मनोनीत किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजकरण चौहान, इंदौर भाजपा सांसद शंकर लालवानी, नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, डॉ संतोष वाधवानी सांसद प्रतिनिधि जीएसटी विभाग, मालवा चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव सुरेश हरियानी, इंदौर सराफा अध्यक्ष हुकम सोनी, बसंत सोनी आदि ने बधाई दी।




## सबसे 'छोटा' होगा छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मेट्रो परियोजना के अंडर ग्राउंड प्रोजेक्ट में छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन पर बनी उलझन अब खत्म होने को है। मेट्रो के अंडर ग्राउंड अन्य स्टेशन के मुकाबले छोटा गणपति का स्टेशन सबसे छोटा होगा। मेट्रो प्रबंधन द्वारा छोटा गणपति स्टेशन निर्माण के लिए जो मृदा परीक्षण रिपोर्ट तैयार की है। उसमें बताया है कि यहां पर न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड (नेटम) के माध्यम से खोदाई की जाएगी।**



इस प्रक्रिया में जमीन की सतह से 37 से 38 मीटर नीचे मेट्रो स्टेशन का निर्माण होगा। जबकि शहर में मेट्रो के अंडर ग्राउंड स्टेशन जमीन से 18 से 22 मीटर गहराई में बनाए जा रहे है। ऐसे में यह मेट्रो स्टेशन सबसे छोटा और सबसे ज्यादा गहराई में होगा। पूर्व में कट एंड कवर तकनीक के माध्यम से छोटा गणपति मेट्रो स्टेशन का निर्माण किया जाना था। यह अंडर ग्राउंड स्टेशन एमजी रोड के समानांतर मल्हारगंज थाने के पास 190 मीटर की लंबाई में बनाना तय किया था। ऐसे में 142 मकान टूट रहे थे। सर्वे रिपोर्ट के बाद न्यू ऑस्ट्रियन टनलिंग मैथड से इसका निर्माण किया जाना तय किया है। ऐसे में एमजी रोड के समानांतर 146 मीटर लंबाई में स्टेशन बनाया जा सकेगा। इससे मकानों को तोड़ने की जरूरत नही होगी। सिर्फ इस क्षेत्र में बने गार्डन वाले हिस्से पर ही खोदाई की जाएगी। जमीन के नीचे स्टेशन का विस्तार किया जाएगा। इस प्रक्रिया से निर्माण एजेंसी को 25 से 30 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करना होंगे।

### सट्टे में हो गया था ₹20 लाख का कर्ज

# दूध विक्रेता ने जहर खाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मल्हारगंज इलाके में एक दूध विक्रेता ने आत्महत्या कर ली। परिवार के मुताबिक, उस पर 20 लाख रुपए का कर्ज हो गया था। इसके चलते कर्जदार उसे परेशान कर रहे थे। इन्हीं बातों से दुखी होकर उसने जहर खा लिया। हालांकि, कर्ज क्रिकेट के सट्टे को लेकर किया गया था। गुरुवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। टीआई वीरेंद्र सिंह कुशवाह के मुताबिक, आकाश पुत्र कमल तिवारी, निवासी बागड़दा ने बुधवार को बड़ा गणपति के पास जहर खा लिया था। उसे उपचार के लिए बाठिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिवार ने बताया कि आकाश दूध बांटने का काम करता था। उसके परिवार में छोटा बेटा, पत्नी, मां और बड़ा भाई विकास हैं। आकाश पर काफी कर्ज हो गया था, जिसके चलते कर्जदार उसे परेशान कर रहे थे। परिवार के मुताबिक, उसने पुलिस को मृत्यु पूर्व बयान में कर्जदारों के नामों की जानकारी दी है। टीआई वीरेंद्र कुशवाह ने बताया कि आकाश के बयान दर्ज किए गए हैं, जिनमें कुछ लोगों द्वारा कर्ज दिए जाने की बात सामने आई है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आकाश के मोबाइल में किसी तरह का वीडियो नहीं मिला है, वहीं कोई सुसाइड नोट भी सामने नहीं आया है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आकाश ने अस्पताल में दिए गए बयान में संजय उर्फ संजू पंवार, पम्मी, हरी सोनी, नरेंद्र की पत्नी और एक क्रिकेट बुकी का नाम बताया है। आकाश के मोबाइल को पुलिस ने जांच में ले लिया है।

# किसानों को सशक्त बनाने किया जा रहा है तकनीक का प्रभावी उपयोग : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को सशक्त बनाने और कृषि व्यवस्था को आधुनिक स्वरूप देने के लिए तकनीक का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। एआई आधारित डिजिटल क्रॉप सर्वे और फार्मर रजिस्ट्री के माध्यम से राज्य में ग्रामीण डेटा प्रणाली को एक नई दिशा प्रदान की गई है। उन्नत तकनीक, पारदर्शी डेटा प्रबंधन और केंद्र-राज्य समन्वय से यह पहल किसानों के हित में मजबूत डिजिटल आधार तैयार कर रही है। इससे किसानों को योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित होगा।**



ख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से खेत पर उपस्थित होकर फसल की फोटो लेकर जानकारी सुरक्षित की जा रही है, जिससे फसल संबंधी डेटा पूरी तरह प्रमाणिक हो रहा है। जियो-फेंसिंग तकनीक से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सर्वे केवल वास्तविक खेत स्थल पर ही किया जाए। सर्वे डेटा का त्रिस्तरीय सत्यापन एआई/एमएल सिस्टम और पटवारी स्तर पर किया जा रहा है। अन्य विभागों द्वारा भी इस डेटा का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। डीसीएस डेटा के आधार पर उपार्जन पंजीयन की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इंटरनेट उपलब्ध न होने की स्थिति में भी सर्वे की विश्वसनीयता बनी रहे। सर्वे के दौरान ली गई फोटो की प्रामाणिकता और सही लोकेशन की पुष्टि प्रणाली द्वारा की जाती है। सर्वे केवल निर्धारित समयावधि में ही संभव है और समय सीमा के बाहर या मोबाइल समय में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ होने पर सर्वे स्वतः रुक जाता है। एआई या एमएल एल्गोरिदम के माध्यम से डेटा का क्रॉस-वेरिफिकेशन कर मानवीय त्रुटियों की संभावना को न्यूनतम किया गया है। फसल क्षेत्र, उत्पादन अनुमान और योजनाओं के क्रियान्वयन में डेटा-ड्रिवन निर्णय लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री को एकीकृत डिजिटल प्रणाली के रूप में विकसित किया गया है। इसमें किसानों की पहचान, भूमि विवरण और योजना संबंधी जानकारी का केंद्रीकृत पंजीकरण एवं सत्यापन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में भूमि अभिलेखों का पूर्ण डिजिटल एकीकरण, स्थान आधारित रिकॉर्ड और बहु-स्तरीय डेटा जांच शामिल हैं। प्रत्येक किसान को 11 अंकीय विशिष्ट डिजिटल पहचान संख्या प्रदान की जा रही है, जिससे एक प्रमाणिक और सटीक किसान डेटाबेस (यूनिफाइड डिजिटल प्रोफाइल) तैयार हो रही है।

## छात्राओं पर कटर से हमला करने वाला साइको मैन पुलिस की गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल में तीन छात्राओं पर कटर से हमला करने वाला साइको मैन, पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। उसे बुधवार रात छोला इलाके में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी देवेंद्र अहिरवार सागर जिले का रहने वाला है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पत्नी से झगड़ा होने के बाद उसने अपना गुस्सा निकालने के लिए एक बाद एक तीन छात्राओं को निशाना बनाया। उसने इससे पहले सागर में भी चार युवतियों को कटर मारकर घायल किया था। भोपाल पुलिस ने उस पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। क्राइम ब्रांच, अयोध्या नगर और पिपलानी थानों की 40 टीमें उसकी तलाश में लगी थीं। पुलिस ने शहर के हिस्ट्रीशीटर का डेटा निकालकर मैच करने की कोशिश भी की थी।

## चांदी के कड़े के लिए 85 साल की बुजुर्ग महिला का गला घोंटा, पैर काटे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी।** बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला जुग्गो बाई की निर्मम हत्या और लूट के बहुचर्चित मामले में विशेष न्यायालय (एट्रोसिटीज) ग्वालियर ने अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने आरोपित भूरा उर्फ काले खां को हत्या, डकैती और गृह अतिचार का दोषी मानते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश ऋतुराज सिंह चौहान द्वारा सुनाया गया। शासन की ओर से इस मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक दिनेश सिंह चौहान ने की। फरियादी धर्मेन्द्र खटीक ने थाना बहोड़ापुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी मां जुग्गो बाई चलने-फिरने में असमर्थ थीं और घर के निचले कमरे में सोती थीं। 12-13 सितंबर 2019 की रात अज्ञात आरोपितों ने घर में घुसकर उनकी हत्या कर दी।

## 15 दिनों के भीतर खातों में पहुंचेगी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. ई. रमेश कुमार ने बुधवार को वल्लभ भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 15 दिनों में शत-प्रतिशत वितरित करना सुनिश्चित किया जाए। प्रमुख सचिव डॉ. कुमार ने बैठक में अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित प्रकरण तत्काल निराकृत कर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विधानसभा के प्रश्नों और कैबिनेट संक्षेपिका को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव श्री अनुराग चौधरी, आयुक्त श्री सौरभ कुमार सुमन समेत वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### फिल्म 'घूसखोर पंडत' के मेकर के चेहरे पर कालिख पोतेंगे

# रिलीज से पहले फिल्म के टायटल पर विवाद, ब्राह्मण समाज आक्रोशित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। नेटफ्लिक्स पर अभिनेता मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर जारी होते ही विवाद खड़ा हो गया है। देश के कई शहरों में ब्राह्मण समाज ने फिल्म के टायटल का विरोध किया है। इधर उज्जैन में भी फिल्म के नाम को लेकर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने विरोध दर्ज कराते हुए ऐसी फिल्म बनाने वालो के मुंह पर कालिख पोतने की बात कही है।**

ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने 3 फरवरी को मनोज बाजपेयी की आगामी फिल्म 'घूसखोर पंडत'' का टीजर रिलीज किया था। रिलीज से पहले ही फिल्म के टायटल को लेकर विवादों में फंस गई है। फिल्म के टाइटल को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। इसमें आरोप लगाया गया है कि फिल्म का शीर्षक ब्राह्मण समुदाय के प्रति अपमानजनक है। इधर जयपुर और दिल्ली के बाद अब उज्जैन में भी फिल्म पर रोक लगाने की मांग उठने लगी है।



### तो कालिख पोतेंगे

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष महेश शर्मा ने बताया कि फिल्म के नाम में ही पंडितों और ब्राह्मणों का अपमान है। देश में ब्राह्मणों, क्षत्रिय और वैश्य समाज को गाली देने का पैटर्न चल गया है। अपमानित करने वाले शब्दों का इस्तेमाल किया जा रहा है। एक कानून पंडितों के लिए बनाना चाहिए। हम निंदा करते हैं ऐसे फिल्म मेकर की। वक्त आने पर पुतले जलाएं जाएंगे, हमारी नजर के सामने आएंगे तो मुंह पर कालिख पोती जाएगी।

### जानिए कैसे है टीजर

टीचर में मनोज बाजपेयी सीनियर इंस्पेक्टर अजय दीक्षित के किरदार में नजर आ रहे हैं, जिन्हें दिल्ली में 'पंडित' के नाम से जाना जाता है। फिल्म में उन्हें भ्रष्ट पुलिस अधिकारी के रूप में दिखाया गया है। टीजर के मुताबिक दीक्षित 20 साल पहले एसआई के रूप में भर्ती हुए थे और अपने किए गए कारनामों की वजह से उन्हें बार-बार डिमोट किया गया।

### फिल्म पर रोक लगे

उज्जैन में तीर्थ पंडा समिति के पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि फिल्म में पंडितों की घोर निंदा की गई है, ये निंदनीय अपराध है। ब्राह्मण सामाज फिल्म के टायटल की निंदा करता है। सेंसर बोर्ड से आग्रह करते हैं कि इस तरह की फिल्मों पर रोक लगाई जाए।

## प्रदेश में 900 करोड़ की लागत से बन रहे हैं धार्मिक और सांस्कृतिक लोक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी,विरासत भी' के कालजयी मंत्र को ध्येय वाक्य मानकर मध्यप्रदेश अपनी सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने की दिशा में एक ऐतिहासिक पथ पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस सांस्कृतिक पुनर्जागरण का शंखनाद उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण के साथ किया था, वह यात्रा अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक विराट जन-अभियान का रूप ले चुकी है। प्रदेश की पावन धरा पर लगभग 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 20 'लोकों' का निर्माण किया जा रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी गौरवशाली परंपराओं का जीवंत साक्ष्य बनेंगे। धार्मिक एवं सांस्कृतिक वैभव की इस अविरल यात्रा में वर्तमान में 580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 17 महत्वपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक लोक पर तीव्र गति से कार्य संचालित है। सागर में 'संत रविदास लोक' 101 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। यह हमारी सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सीहोर जिले के सलकनपुर में 'देवी लोक' और ओरछा में 'श्रीरामराजा लोक' जैसे भव्य प्रकल्प अपनी पूर्णता के करीब हैं। सरकार की संकल्प शक्ति का ही परिणाम है कि मंदसौर में 'भगवान पशुपतिनाथ लोक परिसर' का कार्य पूर्ण कर उसे जनता को समर्पित किया जा चुका है। साथ ही भोपाल में 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप लोक', जानापाव में 'भगवान परशुराम लोक' और महेश्वर में 'देवी अहिल्या संग्रहालय' जैसे प्रकल्पों ने पूर्ण होकर प्रदेश के सांस्कृतिक मानचित्र को और अधिक समृद्ध किया है।

# पार्षद की पत्नी की चाकू मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** मंदसौर में गुरुवार शाम भाजपा पार्षद की पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद शाहिद मेव की पत्नी रुबीना पर ऑटो में बैठते समय दो बदमाशों ने धारदार चाकू से ताबड़तोड़ हमला किया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना गुरुवार शाम करीब साढ़े



पांच बजे अभिनंदन क्षेत्र की है। रुबीना अपने पिता के घर से ऑटो में बैठकर किराए के मकान लौट रही थी। इसी दौरान अपाचे बाइक पर सवार दो युवक मौके पर पहुंचे। बाइक से उतरे एक युवक ने अचानक हमला कर दिया और वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार साहिल नामक युवक पर इस वारदात को अंजाम देने का संदेह है, जो परिवार से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है।

# संपादकीय

## महंगाई और विकास के बीच संतुलन का प्रयास

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग के बाद इसकी जानकारी दी। रेपो रेट अभी 5.25% पर ही रहेगा। हाल में आए केंद्रीय बजट के बाद एमपीसी की यह पहली बैठक थी। बाजार, कर्जदार और निवेशक सभी इस बात पर नजरें टिकाए हुए थे कि ब्याज दरों और अर्थव्यवस्था को लेकर क्या संकेत मिलते हैं। रेपो रेट में कोई बदलाव न होने से लोन दरों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। आरबीआई एमपीसी की यह तीन दिन की समीक्षा बैठक 4 फरवरी को शुरू हुई थी। इस बैठक की अध्यक्षता आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने की। ज्यादातर अर्थशास्त्री और वित्तीय विश्लेषक यही मान रहे थे कि इस बार रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं होगा। दिसंबर 2025 में इसमें 25 बेसिस पॉइंट (bps) की कटौती की गई थी, जिससे पता चलता है कि रिजर्व बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देना चाहता है।पिछले एक साल में रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कुल 125 बेसिस पॉइंट की कटौती की है। कई विशेषज्ञों का मानना था कि रिजर्व बैंक अब पॉलिसी रेपो रेट को 5.25% पर ही बनाए रखेगा और आगे कोई भी कटौती करने से पहले 'देखें और इंतजार करें' की रणनीति अपनाएगा। बड़े बैंकों की रिपोर्टों से यह भी पता चलता है कि दुनिया भर में अनिश्चितता, विदेशी मुद्रा बाजार में उतार-चढ़ाव और सरकारी बॉन्ड यील्ड का स्थिर रहना, इन सब वजहों से केंद्रीय बैंक मुख्य नीतिगत दर में तुरंत बदलाव करने को लेकर थोड़ा सतर्क रहा। फरवरी की एमपीसी बैठक ऐसे समय हुई जब हाल ही में केंद्रीय बजट 2026 पेश हुआ है और भारत-अमेरिका के बीच एक बड़ा व्यापार समझौता भी हुआ है। ये दोनों ही चीजें आर्थिक विकास और महंगाई को प्रभावित कर सकती हैं। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए, बाजार के जानकारों ने सिर्फ रेपो रेट के फैसले पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि इस बात पर भी नजर रखी कि रिजर्व बैंक बाजार में नकदी (लिक्विडिटी) को कैसे संभालेगा और महंगाई व विकास के बीच संतुलन कैसे बनाएगा। अगर एमपीसी दरों को स्थिर रखती है तो इसका मतलब है कि रिजर्व मौजूदा महंगाई और विकास की स्थिति से संतुष्ट है और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले पिछले कटौतियों के असर को देखना चाहता है।


## महिला जगत

# श्रेया नल्लामोथु कौन हैं?

## जानिए भारतीय मूल की उस लड़की की कहानी जिसने अमेरिका में बदल दिया कानून

श्रेया नल्लामोथु एक भारतीय मूल की अमेरिकी किशोरी हैं, जिन्होंने बहुत कम उम्र में सोशल मीडिया पर काम करने वाले बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उनकी मेहनत और सोच के कारण अमेरिका के इलिनॉय राज्य में चाइल्ड इन्फ्लुएंसर्स से जुड़ा पहला कानून बनाया गया, जिससे वे दुनियाभर में चर्चा में आ गईं।

वह सिर्फ एक छात्रा नहीं, बल्कि नई पीढ़ी की आवाज हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि अगर इरादा मजबूत हो, तो एक आम किशोरी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा बदलाव ला सकती है। आज श्रेया लाखों युवाओं, खासकर भारतीय मूल के छात्रों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। आइए जानते हैं श्रेया नल्लामोथु के बारे में।



### भारत से नाता

श्रेया भारतीय मूल के परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके माता-पिता भारत से जुड़े हुए हैं, जबकि श्रेया का जन्म और पालन-पोषण अमेरिका में हुआ। भारतीय संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की सोच ने उन्हें कम उम्र में ही समाज के लिए कुछ करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर काम करने वाले बच्चों (Child Influencers) की सुरक्षा और कमाई के अधिकारों को लेकर एक बड़ा कदम उठाया। आज के समय में कई बच्चे YouTube, Instagram और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट बनाते हैं, लेकिन उनकी कमाई अक्सर उनके माता-पिता या मैनेजर्स के पास चली जाती है। श्रेया ने इस समस्या को गंभीरता से समझा और इसे कानून के जरिए बदलने की कोशिश की।

### श्रेया का सफर?

1. कोरोना महामारी के दौरान श्रेया ने देखा कि,
2. छोटे बच्चे रोज़ाना सोशल मीडिया के लिए काम कर रहे हैं
3. घंटों शूटिंग होती है, लेकिन बच्चों के अधिकार सुरक्षित नहीं हैं
4. उनकी कमाई का कोई कानूनी रिकॉर्ड या सुरक्षा नहीं है
5. इसी सोच ने श्रेया को रिसर्च करने और नेताओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया।

### सबसे बड़ी उपलब्धि

1. श्रेया ने इलिनॉय के एक स्टेट सीनेटर के साथ मिलकर Child Influencer Protection Law तैयार करने में मदद की। इस कानून के तहत,
2. बच्चों की सोशल मीडिया से होने वाली कमाई का एक हिस्सा उनके नाम पर सुरक्षित रखा जाएगा
3. बड़े होने पर बच्चा अपनी कमाई का पूरा हिसाब मांग सकता है
4. माता-पिता बच्चों की कमाई का गलत इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे
5. यह कानून अमेरिका में अपनी तरह का पहला कानून माना जा रहा है।

# वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित, दिल्ली की सड़कों से बिग बॉस तक का दिलचस्प सफर!

चंद्रिका दीक्षित सोशल मीडिया पर वड़ा पाव गर्ल के नाम से मशहूर हैं। चंद्रिका उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो फर्श से अर्श तक के सपने देखते हैं। दिल्ली की सड़कों पर अपना वड़ा पाव स्टॉल लगाने वाली इस लड़की ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर से रियलिटी टीवी कंटेस्टेंट तक का सफर तय किया और अपनी पहचान बनाई। आइए जानते हैं दिल्ली के वडा पाव गर्ल के नाम से लोकप्रिय चंद्रिका दीक्षित के बारे में।




### चंद्रिका दीक्षित का शुरुआती जीवन और पहचान

चंद्रिका दीक्षित दिल्ली की रहने वाली हैं। उन्होंने अपनी जॉब छोड़कर वड़ा पाव स्टॉल लगाया और उसी के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर उनके खाने और स्टॉल के रोचक कंटेंट ने उन्हें इंटरनेट सेंसेशन बना दिया। लोग उन्हें Vada Pav Girl के नाम से पहचानने लगे। उनके वीडियो में लोगों की बड़ी लाइन देखने को मिली और इसी वजह से उन्होंने फेम हासिल किया। बाद में रियलिटी शो Bigg Boss OTT Season 3 में भी वह पहली कन्फर्म कंटेस्टेंट बनीं, जिससे उनकी पहचान और बढ़ी।

### बिग बॉस ओटीटी 3 और शो में सफर

चंद्रिका को बिग बॉस ओटीटी 3 में शामिल होने का मौका मिला, जिसे बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे थे। शो में उनके व्यक्तित्व, सीधे बोलने की शैली और उत्साह ने दर्शकों का ध्यान खींचा। हालांकि बाद में वह शो से बाहर हो गईं, लेकिन उनका हिस्सा बनना सोशल मीडिया पर खूब चर्चा में रहा।

### सोशल मीडिया और करियर

चंद्रिका न केवल वड़ा पाव बेचती हैं बल्कि सोशल मीडिया पर भी बड़ी संख्या में फॉलोअर्स रखती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उनका रोजाना 40,000 रुपये तक का कमाई भी है और उनका नेटवर्क वर्थ लगभग 1-1.5 करोड़ रुपये तक बताया जाता है। उन्होंने दिल्ली में एक कैफ़े भी खोला है जहां वह वड़ा पाव बेचती हैं।

### अब क्यों हैं चर्चा में?

चंद्रिका फिलहाल अपने निजी जीवन को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक वीडियो पोस्ट कर अपने पति पर बेवफाई (एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर) के गंभीर आरोप लगाए हैं। वह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस इस निजी मुद्दे पर उनकी भावनाएँ साझा कर रहे हैं। सोशल प्लेटफॉर्म्स पर यह मामला तेजी से फैल रहा है और लोग चंद्रिका के समर्थन या आलोचना दोनों तरह के रिएक्शन्स दे रहे हैं। इससे वह एक बार फिर मीडिया और इंटरनेट पर चर्चा में बनी हुई हैं।

New Delhi

# चांदी में मचा ग्लोबल कोहराम, हाई से 40% डाउन, भारत में दनादन क्रैश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सोना-चांदी की कीमतें जिस तेजी से बीते कुछ समय में भागी थीं, अब उससे तेज रफ्तार से क्रैश (Gold-Silver Price Crash) हो रही हैं. खासतौर पर चांदी की कीमतों में तो ग्लोबल कोहराम मचा हुआ है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में Silver Price हाई से 40 फीसदी तक टूट चुका है, तो भारत में भी ये लगातार क्रैश होती जा रही है. सिर्फ गुरुवार को ही कॉमेक्स में सिल्वर प्राइस में 20% की बड़ी गिरावट आ गई और ये सस्ती होकर 64 डॉलर प्रति औंस पर आ गई.

चांदी जिस तेज रफ्तार से भाग रही थी, उसे देखकर इसे खरीदने में पीछे रह गए लोग चिंता में थे, लेकिन



अब इसमें निवेश करने वाले दाम और बढ़ने की आस में बेहाल है, क्योंकि ये हाई पर पहुंचने के बाद हर रोज क्रैश (Silver Price Crash) हो रही है. अंतरराष्ट्रीय बाजार में बीते कारोबारी दिन गुरुवार को स्पॉट सिल्वर एक झटके में करीब 20 फीसदी के आसपास डाउन हो गई और इस तरह से ये अपने लाइफ टाइम हाई लेवल से करीब 40 फीसदी की गिरावट के साथ 64 डॉलर प्रति औंस (करीब 28 ग्राम) पर आ गई. इसका भाव बीते महीने 120 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया था.

Silver Price में मचे इस ग्लोबल कोहराम का असर भारत में इस कीमती धातु के दाम में और तेज गिरावट के रूप में दिखने की आशंका जताई जा रही है, जबकि पहले से ही ये दनादन क्रैश हो रही है.

New Delhi

## एयर इंडिया के 70 फीसदी विमानों में तकनीकी गड़बड़ी, सरकार ने बताए चौंकाने वाले आंकड़े



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** एयर इंडिया के विमानों में तकनीकी खराबी की घटनाओं को लेकर सरकार ने संसद में बताया है कि एयरलाइन के हर 10 में से 7 विमानों ने में कोई ना कोई तकनीकी खामी पाई गई है। इसका मतलब है कि एयर इंडिया के 70 फीसदी विमान तकनीकी रूप से बीमार है। केंद्र ने बताया कि सभी एयरलाइन्स में सबसे ज्यादा तकनीकी समस्या एयर इंडिया के विमानों में पाई गई है। सरकार ने बताया कि जनवरी 2025 से लेकर इस साल तीन फरवरी तक विभिन्न एयरलाइन के कुल 377 विमानों में बार-बार गड़बड़ी होने का पता चला है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने लोकसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि बार-बार होने वाली गड़बड़ी के सिलसिले में इंडिगो के 405 विमानों का विश्लेषण किया गया और इस साल तीन फरवरी तक 148 विमानों में बार-बार गड़बड़ी होने की बात सामने आई। मंत्री द्वारा लिखित जवाब में दिये गए आंकड़ों के अनुसार, विश्लेषण किये गए 166 एयर इंडिया विमानों में से 137 में, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस के 101 विमानों में से 54 में बार-बार होने वाली गड़बड़ी की बात सामने आई। इसके अलावा, स्पाइसजेट के 43 विमानों में से 16 में बार-बार गड़बड़ी होने का पता चला तथा आंकड़ों के अनुसार, विश्लेषण किये गए 32 विमानों में से कुल 14 अकासा एयर विमानों में बार-बार होने वाली गड़बड़ी की बात सामने आई।

New Delhi

## IIT बॉम्बे की रिटायर्ड अफसर को दिखाया CBI का डर, हड़प लिए ₹4 करोड़ 62 लाख

**नई दिल्ली.** मुंबई पुलिस के वेस्टर्न रीजन साइबर सेल ने आईआईटी बॉम्बे की 74 साल की रिटायर्ड मेडिकल ऑफिसर से 4.62 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है. साइबर क्राइम से जुड़े इस केस में नरेंद्र सिन्हा और गुंजन देवकुमार दिनेशचंद्र को गिरफ्तार किया गया है. इन दोनों आरोपियों ने साइबर अपराधियों को बैंक अकाउंट्स उपलब्ध कराए थे, जिनका इस्तेमाल पीड़िता से ली गई रकम को रखने और निकालने के लिए किया गया. यह ठगी अक्टूबर 2025 से जनवरी 2026 के बीच हुई, जिसमें जालसाजों ने खुद को टेलीकॉम विभाग का अधिकारी और आईपीएस अधिकारी बताकर पीड़िता को वीडियो कॉल किया. आरोपियों ने दावा किया कि महिला के आधार कार्ड का दुरुपयोग कर 6 करोड़ रुपये का अवैध लेन-देन किया गया है, जिसके बाद उन्हें सीबीआई गिरफ्तारी का डर दिखाया गया. घबराहट में महिला ने अपने फिक्स्ड और रिकरिंग डिपॉजिट समय से पहले तुड़वाकर अपराधियों के बताए अकाउंट्स में पैसे ट्रांसफर कर दिए.

Punjab

## पंजाब के जालंधर से आप नेता लक्की ओबरॉय की हत्या, बदमाशों ने गुरुद्वारे के सामने मारी गोली

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर जिले के मॉडल टाउन इलाके में शुक्रवार सुबह आम आदमी पार्टी के नेता लक्की ओबरॉय की हत्या कर दी गई। यह घटना मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा साहिब के बाहर हुई, जहां अज्ञात हमलावरों द्वारा करीब 15 से 16 राउंड फायर किए गए। घायल अवस्था में लक्की को निजी हॉस्पिटल ले जाया गया था, लेकिन उनकी मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि लक्की के शरीर में पांच गोलियां लगी थी। ज्यादा खून बहने की वजह से उनकी जान नहीं बच पाई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हमलावरों ने अचानक अपनी थार गाड़ी में सवार लक्की ओबरॉय पर हमला किया। उन्होंने उनपर अंधाधुंध फायरिंग की। गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे और आसपास के दुकानदारों ने तुरंत शटर बंद कर



दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, लक्की ओबरॉय जालंधर कैंट की प्रभारी राजविंदर कौर थियाड़ा के करीबी थे। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।

खेल

## बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग जीता : दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी, मंधाना ने 87, जॉर्जिया ने 79 रन बनाए

**वडोदरा। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरी बार विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) जीत लिया है। टीम ने गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु 2024 में पहली बार चैंपियन बनी थी। जबकि दिल्ली लगातार चौथा फाइनल हारी है।**



वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में बेंगलुरु ने 2 गेंद रहते ही 204 रन का टारगेट चेज कर लिया। यह WPL फाइनल का का सबसे बड़ा रन चेज है। कप्तान स्मृति मंधाना ने 87 रन की पारी खेली। जबकि जॉर्जिया वोल ने 79 रन बनाए। दोनों ने 92 बॉल पर 165 रन की साझेदारी की।

आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे। राधा यादव और नदीन डी क्लर्क ने शुरुआती दो गेंद पर 2 सिंगल लिए। राधा ने तीसरी गेंद पर चौका लगाया। चौथी गेंद उन्होंने कवर्स की दिशा में खेली, लेकिन उनका बैट स्टंप से टकरा गया। गेंद बाउंड्री के बाहर चली गई, लेकिन गिल्लियां नहीं गिरीं। इस तरह RCB ने दूसरा टाइटल जीत लिया।

दिल्ली के काम न आई रॉड्रिग्ज की फिफ्टी दिल्ली से कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्ज ने 37 बॉल पर 57 रन बनाए। उनकी पारी में 8 चौके शामिल रहे। उनके अलावा, लौरा वोल्वार्ट 44 और शिनेल हेनरी 35 रन बनाकर नाबाद रहीं। लिजेल ली ने 37 और शेफाली वर्मा ने 20 रन बनाए। इन पारियों के दम पर दिल्ली ने WPL फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, लेकिन टीम जीत नहीं हासिल कर सकी।

सिनेमा

## ऐश्वर्या राय ने पति अभिषेक बच्चन को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई, अनसीन तस्वीर शयेर कर लिखा- बहुत सारा प्यार



बॉलीवुड एक्टर अभिषेक बच्चन एक जाने माने एक्टर हैं। अभिषेक ने अपने करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ अभिषेक अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रहते हैं। अभिषेक ने 5 फरवरी को 50वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। इस खास मौके पर अभिषेक के फैंस और उनकी फैमिली ने उन्हें ढेर सारी बधाई दी है। ऐसे में अभिषेक के जन्मदिन पर उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय ने उन्हें खास अंदाज में विश किया है। ऐश्वर्या ने अभिषेक की बचपन की फोटो शेयर की है, इसमें अभिषेक की आंखें दिख रही हैं। एक्ट्रेस का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है, साथ ही इस पर कमेंट कर फैंस भी एक्टर को जन्मदिन की ढेर सारी बधाई दे रहे हैं।

अभिषेक बच्चन के 50वें जन्मदिन पर ऐश्वर्या राय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति की क्रॉप की गई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में अभिषेक की आंखें दिख रही हैं। पोस्ट में ऐश्वर्या अभिषेक को बेबी पापा कहा। फोटो के साथ ऐश्वर्या ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी हैप्पी 50 परसेंट बर्थडे डियरेस्ट बेबी पापा। बहुत सारा प्यार, शांति, खुशी, संतोष और अच्छी हेल्थ मिले। गोल्डन रहिए। प्यार में शाइन करिए।'

## Highlights

1. Women vandalise liquor shops in UP; alcohol worth ₹15 lakh destroyed
2. 2 members of Sikhs for Justice held over pro-Khalistan graffiti in Delhi
3. US cosmetic trend using cadaver-derived fat sparks safety debate
4. Merchant Navy officer on China-bound ship goes missing
5. Mrunal Thakur gets emotional on self-acceptance at trailer launch

# RBI monetary policy: MPC keeps repo rate at 5.25% as India inflation stays benign



**NEW DElHI, (Agency).** The Reserve Bank of India has maintained a status quo on its benchmark repo rate even as India's inflation rate continues to remain below its tolerance band.

The RBI's six-member Monetary Policy Committee (MPC), which met over 4-6 February, voted unanimously to keep the repo rate at 5.25%, Governor Sanjay Malhotra said during his televised speech on Friday. The policy stance was retained at neutral.

A majority of the 39 economists surveyed by Bloomberg had expected the central bank to keep its benchmark repurchase rate unchanged at 5.25% on Friday. With India's GDP growth rate seen at more than 7% for a second straight year in FY27 and the rupee posting its biggest rally in seven years, some economists expect the rate-cut cycle may even be over.

RBI MPC Decisions Today

Here's a quick look at the key decisions taken by India's Monetary Policy Committee over their 4-6 February meeting:

RBI maintains a neutral monetary policy stance going ahead.

India's GDP growth seen at 6.9% in Q1 FY27 versus 6.7% earlier.

India's inflation rate seen at 3.9% in Q1 FY27 versus 4.0% earlier.

New CPI, GDP series for Indian economy are due later in February.

The RBI has now cut rates by a total of 125 basis points since February 2025, the most aggressive easing since 2019. It had cut rates by 25 basis points at its last meeting in December.

One basis point is one-hundredth of a percentage point.

# Mukesh Ambani and Larry Fink reveal how a 5-minute car ride led to a $300 million joint venture

**NEW DElHI, (Agency).** India's billionaire Mukesh Ambani, at a recent event, recalled how a million-dollar deal between him and BlackRock's Larry Fink, which led to Jio BlackRock, was struck during a 5-minute car ride. The Reliance Industries Chairman recalled the incident while in conversation with the BlackRock CEO at the JioBlackRock's 'Investing for a New Era' event held in Mumbai.

"It was a conversation that we had in 2023 and it just took me 5 minutes to say 'Larry, Blackrock should be back in India'." At this point, Fink added, "During a 5-minute



car ride. We had to go to Point A and Point B and we accomplished it in a car ride."

Ambani continues, "And here you are with your full team. So, thank you for coming back to India and India warmly welcomes you."

What is JioBlackrock?

According to the official website, it is a "joint venture that combines BlackRock's global investment expertise with Jio Finance's strong digital capabilities. Its goal is to make investing simpler, more accessible, and tailored to individual needs. Through a blend of advanced technology and professional investment management, JioBlackRock offers solutions designed to help more and more people to build and grow their wealth confidently, whether they are beginners or experienced investors."

# 'यश' बनकर यासिन ने किया दुष्कर्म

## धर्म परिवर्तन न करने पर दीवार में मारा सिर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर में दुष्कर्म, लव जिहाद और मारपीट का मामला सामने आया है। हिंदू संगठन की मदद से एक मुस्लिम युवक की गिरफ्तारी हुई है। सिटी वैन चलाने वाले मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर दोस्ती की और फिर पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बना लिए। आरोपित द्वारा मुसलमान बनाने का दबाव बनाया गया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। टीआई सुशील पटेल के अनुसार 31 वर्षीय पीड़िता द्वारा आरोपित यासिन उर्फ यश के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।**

पीड़िता ने कथनों में बताया वह साल 2020 में पाटनीपुरा स्थित कॉस्मेटिक की दुकान पर नौकरी करती थी। दुकान और



घर आने के लिए सिटी वैन का उपयोग करती थी। इसी दौरान आरोपित यासिन से परिचय हुआ था। उसने यश चौहान नाम बताया था। दोनों ने मोबाइल नंबर साझा कर लिए और उनकी दोस्ती हो गई। आरोप है कि एक दिन यासिन मूसाखेड़ी स्थित विराट नगर में एक रूम पर ले गया और शारीरिक संबंध बनाए। गर्भवती होने पर पीड़िता ने यासिन को बताया तो उसने कहा कि मैं शादी करूंगा। वह कन्नौद (देवास) ले गया और शादी की तैयारी कर ली। इस दौरान मुसलमान होने की जानकारी लगी और पीड़िता ने शादी से इनकार कर दिया। उसने बच्चे को मारने की धमकी दी और पीड़िता को विराट नगर में ही रखा। 3 अप्रैल 2021 को पीड़िता ने बेटे को जन्म दिया। इसके बाद भी यासिन मुस्लिम धर्म स्वीकारने का दबाव बनाता रहता था। परेशान होकर पीड़िता पिछले साल अक्टूबर में रघुनंदन कॉलोनी में रहने लगी। वैन चालक ने हिंदू बनकर दोस्ती की, दुष्कर्म किया और मुसलमान बनने का दबाव बनाया। 19 जनवरी को यासिन घर आया और पीड़िता से जबरदस्ती की और मारपीट करने लगा। इस्लाम धर्म न स्वीकारने पर उसने दीवार से सिर मारा और पीड़िता को जख्मी कर दिया। बुधवार को पीड़िता की बहनों ने हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं से मदद मांगी और आरोपित के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

# एमडी ड्रग के तीन आरोपी पकड़े



**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने एमडी ड्रग से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी पूर्व में दर्ज मामले में फरार चल रहा था, जबकि अन्य दो आरोपियों को अलग मामले में संयोगितागंज क्षेत्र से पकड़ा गया है। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने बीते दिनों 60 ग्राम एमडी ड्रग जब्त की थी। इस मामले में कुलदीप मेघवाल को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान कुलदीप ने जमान खान निवासी झालावाड़ का नाम उजागर किया था। इसके बाद बुधवार को क्राइम ब्रांच ने दबिश देकर जमान खान को इंदौर सीमा से गिरफ्तार किया। आरोपी पांचवीं कक्षा तक पढ़ा है और रिपेयरिंग का काम करता है। वहीं दूसरी कार्रवाई में क्राइम ब्रांच ने शिवाजी नगर शौचालय के पास एमडी ड्रग बेचते हुए मित सिसौदिया निवासी संयोगितागंज, इंदौर और शोभित उर्फ पुष्पेन्द्र ठाकुर निवासी उज्जैन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 13 ग्राम एमडी ड्रग, दो मोबाइल फोन सहित अन्य सामग्री जब्त की गई है।

### ● पुलिस कमिश्नर को लिखे पत्र; पुलिस पर साजिश के आरोप

# किन्नर सपना गुरु ने इच्छा मृत्यु मांगी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नंदलालपुरा क्षेत्र से जुड़े किन्नर गुरु सपना पर दो साल पुरानी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है।**

जेल से छूटने के बाद दर्ज हुई एफआईआर को लेकर किन्नर गुरु ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखे हैं। इन पत्रों में इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए सीधे तौर पर कुछ पुलिस अधिकारियों के नाम भी लिखे हैं और उन्हें साजिश में शामिल बताया है। पत्र में सपना ने आरोप लगाया है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उनकी ओर से की गई शिकायतों पर कोई जांच नहीं की गई। हालाकि पंढरीनाथ में दर्ज हुए प्रकरण में किन्नर सपना की अभी गिरफ्तारी नही हुई है। पंढरीनाथ थाना पुलिस द्वारा सपना किन्नर पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद सपना ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को एक पत्र सौंपा है। इसमें सपना ने बताया कि उसकी लगातार रैकी करवाई जा रही है और उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है। सपना का आरोप है कि एमआर-10 क्षेत्र में उनके घर के आसपास संदिग्ध लोग घूमते देखे गए हैं। सपना ने पत्र में यह भी कहा कि पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर उनके खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कराया गया। 21 जनवरी को जेल से रिहा होने के बाद 24 जनवरी को हीरानगर थाने और 27 जनवरी को स्वयं पुलिस कमिश्नर को शिकायत दी थी कि बिना जांच उनके खिलाफ किसी भी तरह की एफआईआर दर्ज न की जाए, इसके बावजूद 29 जनवरी को मामला दर्ज कर लिया गया। सपना ने बताया कि करीब 20 से अधिक शिकायतें पूरे सबूतों के साथ पुलिस को दी थीं, लेकिन किसी पर भी जांच नहीं की गई। परेशान होकर 11 नवंबर को कोर्ट के माध्यम से याचिका दायर की थी, जिसमें पुलिस को 30 दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए थे। आरोप है कि उस आदेश का भी पालन नहीं किया गया। सपना का कहना है कि उसके खिलाफ लगातार किसी न किसी तरह की साजिश रची जा रही है, जिससे उनका जीना मुश्किल हो गया है। इसी वजह से उन्होंने पत्रों में इच्छा मृत्यु की अनुमति देने की मांग की है। नंदलालपुरा क्षेत्र में किन्नरों ने सपना किन्नर और राजा हाशमी पर प्रताड़ना के आरोप लगाते हुए सामूहिक आत्महत्या का प्रयास किया था। इसके बाद सपना पर एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा गया था। फिलहाल सपना दो माह से अधिक समय से फरार हैं। इस मामले में सपना के साथ एक मीडियाकर्मी अक्षय कुमायू को भी आरोपी बनाया गया था, जो अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक